कला स्नातक (व्यावसायिक अध्ययन)
पर्यटन प्रबंधन

CHOICE BASED CREDIT SYSTEM
(CBCS)

बीएवीटीएम/बीएएफवीटीएम

सत्रीय कार्य पुस्तिका
(2026)

बीटीएमसी–131,132,133,134,135,136,137,138 और

बीटीएमई–141,143,144 बीटीएमजी–171,172 और बीटीएमएस–185

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

कृपया कार्यक्रम दर्शिका /विवरणिका में सत्रीय कार्यो के अनुभाग पढ़ें। 30 प्रतिशत का वेटेज, जैसा कि आप जानते हैं, निरंतर मूल्यांकन के लिए निर्धारित किया गया है, जिसमें इस पाठ्यक्रम के लिए एक शिक्षक द्वारा निर्धारित सत्रीय कार्य शामिल होगा। सत्रीय कार्य इस पुस्तिका में है, और इसमें तीन भाग हैं, भाग ए, बी और सी। सभी भागों के कुल अंक 100 हैं।

सत्रीय कार्य करने के निर्देश

सत्रीय कार्य करने से पहले कृपया निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें:

1) अपनी उत्तर–पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के शीर्ष पर, कृपया निम्नलिखित प्रारूप में विवरण लिखें:

नमांकन सं : ....
नाम: ....
पता: ....

कार्यक्रम कोड: ....
पाठ्यक्रम कोड: ....
सत्रीय कार्य कोड: ....
अध्ययन केंद्र कोड: .... **दिनांक:.................................**

मूल्यांकन की सुविधा के लिए कृपया उपरोक्त प्रारूप का सख्ती से पालन करें। और देरी से बचें।

2. अपने उत्तर लिखने के लिए केवल फुलस्केप साइज राइटिंग पेपर (लेकिन बहुत पतले किस्म का नहीं) का उपयोग करें।
3. अपनी उत्तर पुस्तिका के बाईं ओर, ऊपर तथा नीचे 4 सेमी मार्जिन छोड़ें।
4. आपके उत्तर सटीक होने चाहिए।
5. इस असाइनमेंट के भाग ए, भाग बी तथा भाग सी को हल करें, और पूरा स**त्रीय कार्य उत्तर पुस्तिका नियत तारीख के भीतर जमा करें।**
6. सत्रीय कार्य उत्तर पुस्तिकाएं नियत तिथि के भीतर आपके अध्ययन केंद्र में जमा की जानी हैं। **नियत तारीख के बाद प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा। हमारा दृढ़तापूर्वक सुझाव है कि आप अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की एक प्रति बनाकर रखें।**
7. सत्रीय कार्य को करने से पहले, कृपया सामान्य दिये गए निर्देशों को ध्यानपूर्वके पढ़ें। यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी TMA प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपके उत्तर किसी विशेष खंड के लिए निर्धारित शब्द-सीमा के भीतर होने चाहिए। याद रखें, सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार होगा और आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार होंगे।
8. पूर्ण किए गए सत्रीय कार्य जमा करवाए।

सत्र	जमा करने की अंतिम तिथि	जमा करने का स्थान
जून टर्म एंड परीक्षा 2026 के लिए	30 अप्रैल 2026	छात्र के अध्ययन केंद्र के समन्वयक को
दिसंबर टर्म एंड परीक्षा 2026 के लिए	30 क्टूबर 2026	

9. जमा किए गए सत्रीय कार्यों के लिए अध्ययन केंद्र से रसीद प्राप्त करनी होगी और उसे अपने पास रखना होगा। सत्रीय कार्यों की एक फोटोकॉपी अपने पास रखें।

   मूल्यांकन के बाद अध्ययन केंद्र आपको सत्रीय कार्य वापस कर देगा। कृपया इस पर जोर दें। अध्ययन केंद्र को इग्नू, नई दिल्ली में छात्र मूल्यांकन प्रभाग को अंक भेजने होंगे।
10. आप इस पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा फॉर्म तब तक नहीं भर सकते जब तक इसे जमा न करवाया हो ।

    हम आपके अच्छे भाग्य की कामना करते हैं।

डॉ. सोनिया शर्मा
कार्यक्रम संयोजक, बीएवीटीएम/बीएएफवीटीएम

बीटीएमई-144 वैश्वीकरण

शिक्षक द्वारा चिह्नित असाइनमेंट
कोर्स कोड: बीटीएमई 144
कुल अंक: 100
(2026)

खंड ए

निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दें।

1. वैश्वीकरण की अवधारणाए विकास तथा इसके प्रमुख आयामों की चर्चा कीजिए। भारत के विशेष संदर्भ में विकासशील देशों पर इसके आर्थिकए राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रभावों का विश्लेषण कीजिए। 20
2. समकालीन वैश्विक अर्थव्यवस्था को आकार देने में बहुराष्ट्रीय कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों तथा वैश्विक व्यापार समझौतों की भूमिका का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए। 20

खंड बी

निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दें।

3. वैश्वीकरण और उदारीकरण के बीच संबंध स्पष्ट कीजिए। भारत में आर्थिक सुधारों पर उदारीकरण के प्रभावों की चर्चा कीजिए। 10
4. वैश्वीकरण का वैश्विक स्तर पर रोजगार के स्वरूपए श्रम बाज़ार तथा कार्य संस्कृति पर पड़ने वाले प्रभावों का वर्णन कीजिए। 10
5. वैश्वीकरण को तीव्र करने में प्रौद्योगिकी और संचार की भूमिका की विवेचना कीजिए। ज्ञान एवं सूचना के प्रवाह पर इसके प्रभावों को स्पष्ट कीजिए। 10

खंड सी

निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें।

6. वैश्वीकरण की परिभाषा दीजिए तथा इसकी कोई दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 6
7. सांस्कृतिक वैश्वीकरण क्या है? एक सकारात्मक और एक नकारात्मक प्रभाव का उल्लेख करें। 6
8. वैश्विक शासन की अवधारणा को संक्षेप में समझाइये। 6
9. वैश्वीकरण और पर्यावरण संबंधी चिंताओं पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। 6
10. वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने में डब्ल्यूटीओ की भूमिका बताएं। 6